# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (युवक) हल्द्वानी जनपद नैनीताल
# मैनुअल–1

**<u>संस्थान का उद्देश्यः–</u>**

प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय , उत्तराखण्ड, हल्द्वानी के अन्तर्गत विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना एवं शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना में प्रशिक्षण दिया जाता है।

द्वितीय विश्व युद्व के दौरान वार टाईम टैक्नीशियन स्कीम के अन्तर्गत कुशल कारीगरों की पूर्ति हेतु आरम्भ शिल्पकार प्रशिक्षण योजना का संचालन द्वितीय विश्व युद्व की समाप्ति के पश्चात सैनिकों के पुर्नवास के लिए किया जाता रहा। शिल्पकार योजना आजादी के उपरान्त विस्थापितों के पुर्नवास हेतु संचालित की गयी । कालान्तर में यह योजना सैनिकों एवं विस्थापितों के के अतिरिक्त देश की आवश्यकता अनुसार युवकों को प्रशिक्षित करने के लिये भी उपयोगी पाई गई। 1950 में इस योजना को व्यसक नागरिक प्रशिक्षण योजना के रूप में संचालित किया गया। शिल्पकार प्रशिक्षण योजना को देश के बेरोजगार एवं अप्रशिक्षित जनमानस को कुशल कारीगरों के रूप में परिवर्तित करने में अत्यन्त लाभकारी सिद्व होने पर केन्द्र सरकार ने 1956 से इस योजना को संचालित करने का दायित्व राज्य सरकारों को सौंप दिया तथा विभिन्न राज्यों में प्रशिक्षण की एक रूपता तथा निरन्तर नई उच्च तकनीकी एवं उपयोगी बनाये जाने हेतु राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद का गठन किया गया। इस योजना को संचालित करने हेतु विभिन्न राज्यों में राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषदों का भी प्राविधान कियागया। जनपद नैनीताल में 10 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से शिलपकार प्रशिक्षण योजन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय , उत्तराखण्ड, हल्द्वानी के अधीन प्रशिक्षण प्रखण्ड द्वारा उत्तराखण्ड प्रदेश में निम्न दो प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है।

**<u>1– शिल्पकार प्रशिक्षण योजनाः–</u>** इस योजना के जनपद नैनीताल में स्थापित 10 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्वीकृत है। इनमें भारत सरकार के रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय की राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा निर्धारित पाठयक्रमानुसार विभिन्न इंजीनियरिंग एवं नान इंजीनियरिंग व्यवसायों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण की समाप्ति पर भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय वार्षिक व्यावसायिक परीक्षा प्रतिवर्ष जुलाई में आयोजित की जाती है। उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को भारत सरकार द्वारा ही राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाते है। जो पूरे भारत वर्ष एवं अन्य देशों में भी मान्यता प्राप्त है।

जनपद नैनीताल के 10 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 15 इंजीनियरिंग एवं 04 नान इंजीनियरिंग व्यवसायों में प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध है। एवं 8516 प्रशिक्षार्थियों के स्वीकृत स्थान उपलब्ध है।

महला उत्थान हेतु जनपद में एक महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित किया जा रहा है। जिनमें 48 स्थान स्वीकृत है।

**2– शिशिक्षु प्रशिक्षण योजनाः–** भारत सरकार शिशिक्षु अधिनियम 1961 के अधीन शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना का कार्यान्वयन भी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हल्द्वानी के माध्यम से सार्वजनिक /निजी क्षेत्र के उद्योगों/प्रतिष्ठानां में संचालित किया जा रहा हैं इस योजना के अधीन भारत सरकार के मानक के अनुरूप शिशिक्षु प्रशिक्षण सुविधाओं के आंकलन हेतु प्रतिष्ठानों का सर्वेक्षण कराया जाता है। एवं प्रशिक्षण सुविधा पाये जाने पर नियोजक को

निर्धारित संख्या में शिशिक्षु नियोजित कराने एवं भारत सरकार के पाठयक्रमानुसार प्रशिक्षण देने हेतु अनुरोध किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल की 15 नियोजकों के यहॉ 209 शिशिक्षु स्थान उपलब्ध है। जिनमें 16 विभिन्न शिशिक्षु व्यवसायों का प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जाता है। इस योजना में समस्त व्यवसायों के प्रशिक्षण में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को भारत सरकार के मानक के अनुरूप प्रशिक्षण अवधि में छूट भी प्रदान की जाती हैं इस प्रकार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को 01 या 02 वर्ष का शिशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु नियोजित कराया जाता है। जिससे यह उद्योगों की आवश्यकतानुसार वास्तविक प्रशिक्षण प्राप्त कर कुशल शिल्पकार बन जाते है।

इस प्रशिक्षण की समाप्ति पर भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय शिशिक्षु परीक्षा आयोजित की जाती हैं एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों का राष्ट्रीय शिशिक्षुता प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। जो आई0टी0आई0 के प्रमाण–पत्र से उच्च स्तर का होता है।

**कृत एवं कर्तव्यः–** उक्त दोनों व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थी निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों में सेवायोजन के साथ स्वतः रोजगार के लिये भी सक्षम हो जाता है। जनपद नैनीताल में रोजगार की दृष्टि से व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो रहा है। वर्ष 2010– में 104 प्रशिक्षार्थी एवं वर्ष 2011 में 182 प्रशिक्षार्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हल्द्वानी में कैम्पस इण्टरव्यू के माध्यम से सीधे नियोजित कराये गये है। 2012 के परिणाम अभी प्राप्त नहीं हुए है।

**संस्थान का मिशन/विजनः–**

जनपद नैनीताल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का मुख्य कार्य शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (क्राफ्टसमैन ट्रेनिंग स्कीम) एव ंशिशिक्षु प्रशिक्षण योजना (एप्रेन्टिस ट्रेनिंग स्कीम) को कार्यान्वयन कराना है एवं ऐसे कुशल कारीगर तैयार करना है जो उत्तरांचल में स्थापित हो रहे उद्योगों एवं स्वतः राजगार की दृष्टि से सक्षम हो सकें।

**संस्थान का संक्षिप्त इतिहास और इसके गठन का प्रसंग :–**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान युवक हल्द्वानी की स्थापना वर्ष 1963 के उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई , प्रारम्भ में यह संस्थान बरेली रोड हल्द्वानी में ंकिराये के भवन में चलाया गया। वर्ष 1963 में संस्थान का अपना भवन व कार्यशाला तैयार हो जाने पर यह संस्थान अपने भवन रामपुर रोड हल्द्वानी में चल रहा है। वर्तमान में संस्थान में 14 व्यावसाय चल रहे है। जिनमें 13 इंजीनियरिंग व्यवसाय एवं 01 नान इंजीनियरिंग व्यवसाय चल रहे है। शासनादेश संख्या 2605 (1) औ0वि0/147–श्रम/2001 दिनांक 3 दिसम्बर 2001 के अन्तर्गत निदेशालय पत्रांक डीटीईयू/0101/विभा0सं0/स्था0/2002 /8391–8470 दिनांक 24–8–2002 द्वारा इस संस्थान हेतु 01 प्रधानाचार्य 04 कार्यदेशक 26 व्यवसाय अनुदेशक 04 इंजीनियरिंग/कला अनुदेशक 01 भाषा/सामाजिक अध्ययन अनुदेशक 01 मोटर ड्राइविंग अनुदेशक 01 अनुरक्षण अनुदेशक 01 भण्डारी, लेखा लिपिक01, कम्पाउण्डर 01, ड्राइवर /मिस्त्री 01, ड्रेसर 01, कार्यशाला परिचर 03, एवं भण्डार परिचर 01, के पदां की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनके अतिरिकत 09 लिपिक वर्गीय पद (जिनमें से 01 मुख्य सहायक 04 वरिष्ठ सहायक एवं 02 कनिष्ठ सहायक ) जो पूर्ववर्ती उ0प्र0 राज्य से स्वीकृत है। इसी प्रकार जनपद में कुल प्रधानाचार्य के 07 , कार्यदेशक के 13 , अनुदेशक के 94 , भण्डारी /सहायक भण्डारी के 09 , मिनिस्ट्रियल के 25 , चतुर्थ श्रेणी के 48 पद स्वीकृत है।

जनपद में बढ़ रहे औद्योगिकरण एवं स्वतः रोजगार की आवश्यकता के अनुसार निम्नानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और की गई है।

| कम सं0 | आई0 टी0 आई0 का नाम | स्थापना वर्ष | स्वीकृत व्यवसाय |
|---|---|---|---|
| 1 | रा0औ0प्रशि0 संस्थान भवाली | 1984 | 1–आशु0 अंग्रेजी<br>2–कटिंग स्वीइंग<br>3–इम्ब्राइडरी<br>4–इलेक्ट्रोनिक्स |
| 2 | रा0औ0प्रशि0 संस्थान (म0) हल्द्वानी | 1986 | 1–इलेक्ट्रोनिक्स<br>2–कटिंग एवं स्वीइंग<br>3– आशुलिपि0 हिन्दी |
| 3 | रा0औ0प्रशि0 संस्थान टाण्डी | 1989 | 1– रेडियो टी0वी0<br>2– वायरमैन<br>3– इलेक्ट्रोनिक्स<br>4– विद्युतकार |
| 4 | रा0औ0प्रशि0 संस्थान ,ओखलकाण्डा | 1989 | 1– रेडियो टी0वी0<br>2– इलेक्ट्रोनिक्स<br>3– विद्युतकार |
| 5 | रा0औ0प्रशि0 संस्थान ,बेतालघाट | 1989 | 1–वायरमैन<br>2– विद्युतकार |
| 6 | रा0औ0प्रशि0 संस्थान , रामनगर | 2003 | 1–वायरमैन<br>2–कटिंग स्वीइंग<br>3–प्रशीतन<br>4–टुरिज्म गाईड<br>5– वेल्डर |
| 7 | रा0औ0प्रशि0 संस्थान ढोकाने | 2005 | 1–इलेक्ट्रीशियन<br>2–आशु0 हिन्दी<br>3– कटिंग स्वीइंग<br>4– ड्राइवर कम मोटर,मैकेनिक |
| 8 | रा0औ0प्रशि0 संस्थान कालाढूंगी | 1006 | 1–ड्राफ्टसमैन सिविल<br>2–कटिंग टेलेरिंग<br>3–विद्युतकार |
| 9 | रा0औ0प्रशि0 संस्थान ,भीमताल | 2006 | 1–कोपा<br>2–फिटर<br>3–विद्युतकार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 4–इलेक्ट्रोनिक्स |

जनपद नैनीताल के  के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एन0सी0वी0टी0 भारत सरकार से मान्यता /गैर मान्यता प्राप्त व्यवसाय/यूनिटों का विवरण।

| कमांक | संस्थान का नाम | मान्य व्यवसाय | मान्य यूनिट | गैर मान्य व्यवसाय | गैर मान्य यूनिट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा0औ0प्रशि0संस्थान (युवक) हल्द्वानी | 1–फिटर | 2 | | |
| | | 2–टर्नर | 4 | | |
| | | 3–मशीनिष्ट | | | |
| | | 4–इलैक्ट्रीशियन | 2 | | |
| | | 5–इलेक्ट्रोनिक्स | 2 | | |
| | | 6–वायरमैन | 3 | | |
| | | 7–रेफ्रिजरेशन | 1 | | |
| | | 8–टैक्टर मैकेनिक | 1 | | |
| | | 9–प्लम्बर | 1 | | |
| | | 10–वेल्डर | 1 | | |
| | | 11–रेडियो टी0वी0 | 1 | | |
| | | 12–आशु0 हिन्दी | 1 | | |
| | | 13–सेन्टर आफ एक्सीलेन्स | 6 | | |
| | **योग** | | **28** | | |
| 2 | रा0औ0प्रशि0संस्थान (महिला) हल्द्वानी | 1–इलेक्ट्रोनिक्स | 1 | | |
| | | 2–कटिंग टेलरिंग | 1 | | |
| | | 3–हिन्दी आशु0 | 1 | | |
| | **योग** | | **03** | | |
| | | | | | |
| 3 | रा0औ0प्रशि0संस्थान भवाली | **1–इलेक्ट्रोनिक्स** | **1** | | |
| | | 2–आशु0 अंग्रेजी | 1 | | |
| | | 3–कटिंग टेलरिंग | 1 | | |
| | | 4– इम्ब्राइडरी | 1 | | |
| | **योग** | | **3** | | |
| | | | | | |
| 4 | रा0औ0प्रशि0संस्थान टाण्डी | 1–रेडियो टी0वी0 | 1 | | |
| | | 2–इलेक्ट्रोनिक्स | 1 | | |
| | | 3–वायरमैन | 1 | | |
| | | 4–इलेक्ट्रीशियन | 1 | | |
| | **योग** | | **4** | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | रा0औ0प्रशि0संस्थान ,बेतालघाट (नैनीताल) | 1–वायरमैन | 1 | इलेक्ट्रीशियन | 1 |
| | | 2–इलेक्ट्रोनिक्स | 1 | | |
| | **योग** | | **2** | | **1** |
| | | | | | |
| 6 | रा0औ0प्रशि0संस्थान ,ओखलकाण्डा (नैनीताल) | 1–इलेक्ट्रीशियन | 1 | | |
| | | 2–रेडियो टी0वी0 | 1 | | |
| | | 3–इलेक्ट्रोनिक्स | 1 | | |
| | योग | | 3 | | |
| | | | | | |
| 7 | रा0औ0प्रशि0संस्थान, रामनगर (नैनीताल) | 1–वायरमैन | 1 | प्रशीतन | 1 |
| | | 2–कटिंग टंलरिंग | 1 | टूरिज्म गाईड | 1 |
| | | 3–वेल्डर | 1 | | |
| | **योग** | | **3** | | **2** |
| | | | | | |
| **8** | रा0औ0प्रशि0संस्थान ढोकाने (नैनीताल) | | | 1–इलेक्ट्रीशियन | 1 |
| | | | | 2–आशु0 हिन्दी | 1 |
| | | | | 3–कटिंग स्वीइंग | 1 |
| | | | | 4–ड्राइवर कम मो0 मैके0 | 1 |
| | **योग** | | | | **4** |
| | | | | | |
| 9 | रा0औ0प्रशि0संस्थान ,भीमताल (नैनीताल) | | | 1–कोपा | 1 |
| | | | | 2–इलैक्ट्रोनिक्स | 1 |
| 10 | रा0औ0प्रशि0संस्थान कालाढूगी | | | 1–ड्राफ्टसमैन सिविल<br>2–कटिंग टेलेरिंग<br>3–विद्युतकार | 1<br>1<br>1 |
| | योग | | | | 03 |

## जनपद नैनीताल में शिशिक्षु नियोजन की स्थिति

| क्रमांक | व्यवसाय | नैनीताल (हल्द्वानी) | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वी0 | भरे | स्वी0 स्थल | भरे स्थल |
| 1 | 2 | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 1 | फिटर | 29 | 10 | 29 | 10 |
| 2 | टर्नर | 2 | 1 | 2 | 1 |
| 3 | मशीनिष्ट | 2 | 1 | 2 | 1 |
| 4 | शीटमैटल वर्क्स | 2 | – | 2 | – |
| 5 | वेल्डर | 5 | 2 | 5 | 2 |
| 6 | विद्युतकार | 40 | 12 | 40 | 12 |
| 7 | वायरमैन | 25 | 4 | 25 | 4 |
| 8 | कारपेन्टर | 2 | – | 2 | –. |
| 9 | प्लम्बर | 17 | 2 | 17 | 2 |
| 10 | आर0ए0सी0 | 7 | 2 | 7 | 2 |
| 11 | मोटर मैकेनिक | 16 | 2 | 16 | 2 |
| 12 | डीजल मैकेनिक | 22 | 1 | 22 | 1 |
| 13 | ब्वायलर एटैण्डेन्ट | 16 | 4 | 16 | 4 |
| 14 | एटेण्डैन्ट आपरेटर | 1 | – | 1 | – |
| 15 | मैके0 इलेक्ट्रोनिकस | 17 | 3 | 17 | 3 |
| 16 | मैके0 टी0वी0/वीडियो | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 17 | सी0ओ0ई0 ऑटोमोबइल | 3 | – | 3 | – |
| 18 | इन्सटूमेन्ट मैकेनिक | 1 | – | 1 | – |
| | **योग** | **209** | **40** | **209** | **40** |
| | | | | | |

## नैनीताल जनपद मं स्थित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में उपलब्ध तथा भरे शिशिक्षु स्थानों का विवरण

| जनपद का नाम | क्र0सं0 | स्थापना का नाम व पत्राचार का पूरा पता | स्वीकृत शिशिक्षु स्थान | भरे पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| हल्द्वानी | 1 | ए0पी0 कम्पोनेन्ट लि0 भीमताल नैनीताल | 16 | 1 |
| | 2 | सैन्चुरी पलप एण्ड पेपर मिल लि0 लालकुआ | 58 | 18 |
| | 3 | सैन्चुरी बगास यूनिट लालकुआ | 11 | 7 |
| | 4 | पुरी आटॉमोबाईल्स , हल्द्वानी | 3 | 1 |
| | 5 | ओनिडा सर्विस सेन्टर हल्द्वानी | 2 | 2 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 6 | टी0वी0 सुन्दरम अशोक लैलेण्ड | 6 | **1** |
| | | **योग** | **96** | **30** |

## जनपद नैनीताल में स्थित राज्य सरकार/सर्वजनक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में उपलब्ध तथा भरे शिशिक्षु स्थानों का जनपदवार विवरण

| जनपद का नाम | | स्थापना का नाम व पता | स्वी0 शिशिक्षु स्थान | भरे स्थान |
|---|---|---|---|---|
| नैनीताल | 1 | उत्तरांचल पावर कारपोरेशन नैनीताल | 9 | – |
| | 2 | उत्तरांचल पावर कारपोरेशन विद्युत वितरण खण्ड हल्द्वानी | 16 | 6 |
| | 3 | उत्तरांचल पावर कारपोरेशन परीक्षण खण्ड काठगोदाम हल्द्वानी | 3 | 3 |
| | 4 | उत्तरांचल पावर कारपोरेशन रामनगर | 8 | – |
| | 5 | नैनीताल सहकारी दुग्धउत्पादक संद्य लि0 लालकुआ | 10 | – |
| | 6 | उत्तरांचल सड़क परिवहन निगम काठगोदाम | 38 | – |
| | 7 | उत्तरांचल जल संस्थान नैनीताल | 14 | – |
| | 8 | उत्तरांचल जल संस्थान हल्द्वानी नैनीताल | 14 | 1 |
| | 9 | नैनीताल दुग्ध संद्य भवाली, नैनीताल | 1 | – |
| | | **योग** | **113** | **10** |